भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3377
गुरुवार 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बठिंडा से उड़ान सेवाएं

3377. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एलायंस एयर ने कोविड के बाद दिल्ली-बठिंडा-दिल्ली उड़ान को फिर से शुरू करने के बाद यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के बावजूद उड़ानों की आवृत्ति को कम कर दिया है, विशेषकर तब जब यात्रियों की मांग ज्यादा बनी हुई है और यह मार्ग अक्सर भरा हुआ चल रहा है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या हिसार और अमरावती जैसे अन्य क्षेत्रीय विमानपत्तनों के लिए एलायंस एयर की उड़ानें शुरू करने और उनका विस्तार करने के कारण बठिंडा से विमानों या संसाधनों का मार्ग बदल गया है जिससे इसके संपर्क प्रभावित हुए हैं और यदि हो, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इस क्षेत्र की आर्थिक, शैक्षिक और रक्षा अवसंरचना के लिए बठिंडा विमानपत्तन के सामरिक महत्व को देखते हुए दिल्ली और बठिंडा के बीच दैनिक उड़ानों को बहाल करने पर विचार करेगी और बठिंडा को अन्य प्रमुख शहरों से जोड़ने वाले अतिरिक्त मार्ग शुरू करने की संभावना भी तलाशेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): 'उड़ान' 5.0 के तहत, आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए आरसीएस मार्ग बठिंडा-दिल्ली-बठिंडा को प्रति सप्ताह सात आवृत्तियों के साथ एलाइंस एअर को अवॉर्ड किया गया था। एलाइंस एअर ने दिनांक 09.10.2023 को इस मार्ग पर उड़ान परिचालन आरंभ किया। तथापि, विमानों की कमी और रोटेशन को बनाए रखने के लिए, एयरलाइन वर्तमान में सप्ताह में केवल चार दिन उड़ानें परिचालित कर रही है।

एलाइंस एअर अप्रैल, 2026 के प्रथम सप्ताह में, उड़ान आवृत्ति सप्ताह में 5 दिनों तक बढ़ा सकती है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरस्त होने के साथ भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है। एयरलाइनें अपने बेड़े में किसी भी प्रकार के विमान को शामिल करने और अपनी इच्छानुसार सेवा प्रदान करने हेतु किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं। अतः यह एयरलाइन प्रचालकों पर निर्भर करता है कि वे अपनी प्रचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर बठिंडा सहित किसी भी हवाईअड्डे के लिए/ हवाईअड्डे से विमान सेवाएं आरंभ या उनका विस्तार करने पर विचार करे।

******